# सराहनीय कार्य

## इटावा पुलिस

**प्रेस नोट- दिनांक 23.08.2023**

## गैर इरादतन हत्यारोपी अभियुक्त को इटावा पुलिस द्वारा मात्र 12 घंटे मे आलाकत्ल डंडे सहित किया गया गिरफ्तार।

**अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना बसरेहर पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही।**

**घटना का संक्षिप्त विवरणः-**

दिनांक 22.08.2023 को वादी राजकिशोर पुत्र स्व0 वाकेलाल निवासी ग्राम मुहब्बतपुर थाना बसरेहर जनपद इटावा द्वारा थाना बसरेहर पर लिखित सूचना दी कि गांव के ही अंकित पुत्र प्रेमपाल, ब्रहमपाल पुत्र दामोदर, प्रेमपाल पुत्र दामोदर ने एक साथ मिलकर मेरे छोटे भाई सत्यपाल पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया जिसकी अस्पताल मे मृत्यु हो गयी। सूचना के आधार पर तत्काल थाना बसरेहर पर **मु0अ0सं0 76/23 धारा 304/34 भादवि** पंजीकृत किया गया।

**गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरणः-**

जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं हत्या की घटनाओं के खुलासे हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशो के क्रम में आज दिनांक 23.08.2023 को थाना बसरेहर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील रहकर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग की जा रही थी। इसी दौरान प्राप्त आपराधिक अभिसूचना के आधार पर थाना बसरेहर पुलिस द्वारा **मु0अ0सं0 76/23 धारा 304/34 भादवि से संबंधित अभियुक्त अंकित राजपूत पुत्र प्रेमपाल सिंह निवासी ग्राम मुहब्बतपुर थाना बसरेहर जनपद इटावा को कल्ला बाग तिराहे से गिरफ्तार किया गया।**

**पुलिस पूछताछः-**

गिरफ्तार अभियुक्त से पुलिस द्वारा पूछताछ की गयी तो उसके द्वारा बताया मेरी लडाई सत्यपाल पुत्र स्व0 वाकेलाल के साथ हो गयी थी जिसमे मैने सत्यपाल के सिर मे डंडे मार दिये जिससे बाद मे उसकी मृत्यु हो गयी थी। **अभियुक्त की निशांदेही पर उसके मकान के पीछे बनी निर्माणाधीन दुकान के पास से आलाकत्ल 01 डंडा बरामद कर लिया गया।**

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

**1.अंकित राजपूत पुत्र प्रेमपाल सिंह निवासी ग्राम मुहब्बतपुर थाना बसरेहर जनपद इटावा।**

**बरामदगीः-**

1. **01 डंडा (आलाकत्ल)**

**पंजीकृत अभियोग-**

1. **मु0अ0सं0 76/23 धारा 304/34 भादवि थाना बसरेहर जनपद इटावा।**

**आपराधिक इतिहासः-**

- **मु0अ0सं0 76/23 धारा 304/34 भादवि थाना बसरेहर जनपद इटावा।**
- **मु0अ0सं0 452/21 धारा 379/411 भादवि थाना जसवंतनगर जनपद इटावा।**

**पुलिस टीमः-** उ0नि0 श्री सनत कुमार थानाध्यक्ष बसरेहर, का0 शुभम सारण, का0 अविशान्त चौधरी, का0 संदीप कुमार, म0का0 किस्मता मौर्या, चा0 का0 आयुष सचान